UP Board Solutions for Class 6 Civics Chapter 4 नगरीय स्वशासन

अभ्यास

प्रश्न 1.
आपने नगरीय निकायों के बारे में पढ़ा है, उससे संबंधित तालिकों को पूरा कीजिए।

तालिका

प्रश्न 2.
नीचे लिखे वाक्यों में सही के सामने सही **(✓)** और गलत के सामने गलत **(✗)** का चिह्न लगाइए –

(क) सबसे बड़े नगर क्षेत्र को नगर पंचायत कहते हैं। **(✗)**
(ख) नगरपालिका परिषद् का कार्यकाल एक वर्ष होता है। **(✗)**
(ग) महापौर का कार्यकाल एक वर्ष का होता है। **(✗)**
(घ) नगर निगम 5 वर्ष के लिए बनाया जाता है। **(✓)**
(ङ) नगर निगम का अध्यक्ष प्रधान कहलाता है। **(✗)**

प्रश्न 3.
इन आबादी वाले नगरों में नगर पंचायत, नगरपालिका परिषद्, नगर निगम में से क्या गठित हो सकते हैं, लिखें –

(क) 40 हजार तक की जनसंख्या में – नगर पंचायत
(ख) 8 लाख तक की जनसंख्या में – नगर निगम
(ग) 4 लाख तक की जनसंख्या में – नगरपालिका परिषद्
(घ) 55 हजार तक की जनसंख्या में – नगर पंचायत

प्रश्न 4.
नगर पंचायत के कार्य लिखिए।
उत्तर :
नगर पंचायत के कार्य निम्नलिखित हैं –

1. शहर की सड़कें बनवाना व उन पर रोशनी की व्यवस्था करवाना।
2. बाजार में सफाई की व्यवस्था करवाना।
3. शहर में लोगों के जन्म और उनकी मृत्यु का लेखा-जोखा रखना।
4. शहर में बीमारी फैलने से रोकने के लिए टीके लंगवाना, साफ पीने के पानी की व्यवस्था करवाना।
5. कुछ नगर पंचायतें पुस्तकालय चलाती हैं तथा स्कूल, बाग-बगीचे, मनोरंजन गृह आदि बनवाती हैं।
6. शहरों की सफाई करवाना व कचरा उठवाना।